प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 09.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत लोगों को वापसी यात्रा पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। ये छूट तब लागू होगी जब आने और जाने की दोनों यात्राओं के लिए एक ही यात्री–समूह के लिए टिकट बुक किए जाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत बुक टिकटों पर किराया लौटाया नहीं जाएगा। इस योजना के तहत 13 अक्तूबर की अवधि के लिए बुकिंग इस महीने की 14 तारीख से शुरू होगी। वापसी यात्रा के टिकट बुक करते समय 60 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर मनाए जाने वाले विश्व संस्कृत दिवस पर अपनी शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने संस्कृत को लोकप्रिय बनाने की दिशा में कई प्रयास किए हैं, जिनमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और संस्कृत शिक्षण केंद्र स्थापित करना, संस्कृत विद्वानों को अनुदान उपलब्ध कराना और पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से जुड़ा ज्ञान भारतम मिशन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि इससे अनेक विदद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को लाभ पहुंचा है।

0000

रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत और विदेश में रहने वाले सभी नागरिकों को शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पवित्र त्योहार समाज में सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने देशवासियों से एक समृद्ध देश के निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह किया जहाँ हर महिला सुरक्षित महसूस करे और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दे सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी रक्षाबंधन की देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

0000

उत्तर भारत का प्रसिद्ध गोगामेड़ी मेला आज से शुरू हुआ। हनुमानगढ़ के गोगामेडी में आयोजित ये मेला 8 सिमम्बर तक भरेगा। मेले में हर वर्ष आसपडोस के राज्यों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पंहुचते है। उनकी सुविधाओं को देखते हुए जिला प्रशासन और देवस्थान विभाग ने विशेष इंतजाम किए हैं। करीब 3 हजार लोगों की क्षमता वाले निःशुल्क रैन बसेरे बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र और पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेले के दौरान हर शाम सात से 10 बजे तक लेजर लाइट और साउंड शो का आयोजन होगा। वहीं 30 और 31 अगस्त को पर्यटन तथा देवस्थान विभाग की ओर से सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जायेगी, जिसमें देशभर के कलाकार प्रस्तुति देंगे।

0000

प्रदेश में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर भाई की लम्बी उम्र की कामना कर रही है। भाई बहनों को रक्षा का वचन दे रहे हैं। बाडमेर में जालिपा सैनिक छावनी में रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेना के अधिकारियों और जवानों को स्थानीय बालिकाओं और महिलाओं ने राखी बांधी। वहीं जैसलमेर में भी भारत पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों को राखियां बांधी गई। झुंझुनूं में बहनों ने देश के लिए जान कुर्बान करने वाले शहीद हुए अपने भाईयों की प्रतिमाओं पर राखी बांधी। भरतपुर की सेवर जेल में जेल प्रशासन ने त्यौहार को लेकर विशेष इंतजाम किए है। जेलों में बंद कैदियों को उनकी बहने राखी बांधने पंहुच रही है।

0000

जयपुर–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर कल शाम सिकंदरा क्षेत्र में कैलाई–दुब्बी गांव के पास एक सडक हादसे में तीन युवतियों सहित पांच लोगों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना एक अनियंत्रित ट्रेलर के कार को टक्कर मारने से हुई। पुलिस के अनुसार ये ट्रेलर जयपुर की ओर जा रहा था। कार में सवार सभी एक कोचिंग के विद्यार्थी थे। इनके साथ कोचिंग संचालक भी मौजूद था। ये लोग परीक्षा देकर जयपुर से लौट रहे थे।

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हुई। इसके अलावा एक दो स्थानों पर तेज बरसात दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 7 सेंटीमीटर पानी दौसा के महुआ में बरसा। पिछले कुछ दिनों से मंद पडा बारिश का दौर एक बार फिर से शुरू हो गया है। भरतपुर में झमाझम बरसात हुई। विभाग ने आज से प्रदेश के उत्तर पूर्वी भागों में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने का अनुमान जताया है। 12 अगस्त तक भरतपुर, कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

0000